
**उपलब्धि** | भूखंड आवंटन में लगभग 320% और भूमि आवंटन में 360% की अभूतपूर्व वृद्धि की दर्ज की गई

# आठ वर्षों में यूपीसीडा से 350% रोजगार वृद्धि

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते 8 वर्षों में भूखंड आवंटन में लगभग 320%, भूमि आवंटन में 360% और रोजगार सृजन में लगभग 350% की अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की है। इसी अवधि में यूपीसीडा का ऑपरेटिंग राजस्व भी तीन गुना से अधिक बढ़ा है।

**पांच साल में बढ़ गई चार गुणा औद्योगिक इकाइयां:** ये आंकड़े वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश के आत्मविश्वास को भी दर्शाते हैं। यूपीसीडा के जरिए पिछले पांच सालों में उत्पादन करने वाली औद्योगिक इकाइयों की संख्या 403 से बढ़कर 1634 हो गई है यानी इसमें चार गुना बढ़ोतरी हुई है। इसी अवधि में 10 से अधिक मेगा व सुपर मेगा औद्योगिक इकाइयों को जमीन आवंटित की है। इससे 2496 करोड़ रुपये के निवेश का रास्ता साफ हुआ है। 154 औद्योगिक क्षेत्रों के विकास पर खर्च भी 104 करोड़ से बढ़कर 551 करोड़ रुपये हो गया। यह वृद्धि वित्तीय वर्ष 2018-19 से लेकर वित्तीय वर्ष 2024-25 के बीच हुई है। इसमें 430 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

यूपीसीडा के प्रयासों से 2017-18 में 11,570 लोगों को रोज़गार मिला था, जो 2024-25 में बढ़कर 51,761 तक पहुंच गया। यह 347% की वृद्धि उत्तर प्रदेश की औद्योगिक प्रगति और युवाओं को मिल रहे अवसरों की कहानी कहती है। यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी का कहना है कि 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में यह पहल अहम है। एक साल में यूपीसीडा ने सर्वाधिक औद्योगिक इकाइयों को समयबद्ध ढंग से जमीन आवंटित की। साथ ही रिकार्ड राजस्व अर्जित किया। आने वाले वक्त में भूखंड आवंटन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाया जाएगा ताकि निवेशकों को किसी प्रकार की देरी या बाधा का सामना न करना पड़े। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने अपने आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश को औद्योगिक दृष्टिकोण से देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



**16** सौ से ज्यादा हो गई हैं औद्योगिक इकाइयां

## लखनऊ में बनेगा केंद्र

वैश्विक क्षमता केंद्र के लिए मुहिम शुरू कर दी गई है। यूपी सरकार वैश्विक क्षमता केंद्र के लिए लखनऊ को सबसे मुफीद मान रही है। इस संबंध में नई नीति जल्द कैबिनेट से पास होगी। औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार शुक्रवार को हैदराबाद में होने वाले सम्मेलन में शिरकत करेंगे।